उत्तर प्रदेश शासन

नियोजन अनुभाग-1

संख्या: 23/2018/603/35-1-2018-7-295/ज.नि.प्र./2017

लखनऊ: दिनांक: 28 अगस्त, 2018

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरियों हेतु ऑफलाइन सीधी भर्ती की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये अतिरिक्त सेवा प्रदायी संस्थाओं (ह्यूमन रिसोर्स एजेन्सीज) जैसा कि यूपीडेस्को के पत्र संख्या-2603 दिनांक 16 जुलाई, 2018 में व्यक्त किया गया है, का पैनल तैयार करने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या: 20/2018/497/35-1-2018-7-295/ज.नि.प्र./2017 दिनांक: 22 जून, 2018 के प्रस्तर-3 ब में संशोधन की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- यूपीडेस्को के ई-टेण्डर सन्दर्भ संख्या-GoUP_Offline_Exam_2018_2 टेण्डर आईडी 2018_ UDSCL_208888_1 के अन्तर्गत निहित प्रक्रियानुसार दो-स्तरीय समिति (प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को एवं शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति) के परीक्षणोंपरान्त 02 अर्ह अतिरिक्त संस्थाओं का पैनल तैयार किया जाता है। अत: 02 अतिरिक्त संस्थाओं को सम्मिलित करते हुए उक्त शासनादेश दिनांक 22 जून, 2018 के 3-ब को इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा :-

3 ब- ऑफलाइन भर्ती परीक्षाओं हेतु अर्ह संस्थायें :-

क्र0सं0	निविदादाताओं का नाम एवं पता
1-	Nysa Communications Pvt. Limited (एनवाईएसए कम्युनिकेशन्स प्रा0लि0) A-100, Sector-65, Noida, UP-201301
2-	Tata Consultancy Services Limited (टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लि0) TCS Awadh Park, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010
3-	Merittrac Services Private Limited (मेरीट्रैक सर्विसेज प्रा0 लि0) 12/5, 4th Floor, Market Square, Kaikondarahalli, Varthur Hobli, Sarjapura Main Rd., Bengaluru-560035
4-	N.C.Print Private Limited (एन0सी0 प्रिंट प्राइवेट लि0) 216 Laxminath Nagar, Nawabganj Road, P.O.- Ichapur, 24 Parganas (North) PIN-743144 (WB)

नोट- यूजर विभागों के उपयोगार्थ इम्पैनलमेन्ट हेतु आर0एफ0पी0 एवं कोरिजेण्डम नियोजन विभाग की वेबसाइट-http://planning.up.nic.in पर उपलब्ध है।

4- इस शासनादेश के प्रस्तर-3 ब में उल्लिखित सूचीबद्ध संस्थाओं का पैनल उनके द्वारा निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत अभिलेखों के आधार पर किया गया है। नियोजन विभाग को यूपीडेस्को द्वारा उपलब्ध कराये गये निविदादाताओं के तकनीकी बिड अभिलेख नियोजन

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

विभाग की वेबसाइट-http://planning.up.nic.in पर उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे यूजर विभाग आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सकेंगे।

5- सेवा प्रदायी संस्थाओं द्वारा कार्य सम्पादन पर होने वाला व्यय सम्बन्धित विभाग स्वयं वहन करेंगें। इम्पैनलमेन्ट हेतु तैयार किया गया ई-टेण्डर सन्दर्भ संख्या-GoUP_IT_ Offline_Exam_2018 टेण्डर आईडी 2018_UDSCL_167697_1 एवं सन्दर्भ संख्या-GoUP_Offline_Exam_2018_2 टेण्डर आईडी 2018_UDSCL_208888_1 तकनीकी बिड है, जिसमें कोई वित्तीय बिड आमंत्रित नहीं की गयी है। सम्बन्धित विभाग अपनी आवश्यकतानुसार एल-1 आधारित मात्र वित्तीय ई-निविदा (विशेष परिस्थिति में क्यू0सी0बी0एस0 आधारित तकनीकी एवं वित्तीय ई-निविदा) आमंत्रित कर सुसंगत नियमों के अनुसार मूल्यांकन करेंगे।

6- शासनादेश संख्या: 20/2018/497/35-1-2018-7-295/ज.नि.प्र./2017 दिनांक: 22 जून, 2018 (परिपत्र-1) में उल्लिखित अन्य नियम व शर्तें यथावत लागू रहेंगी।

दीपक त्रिवेदी
अपर मुख्य सचिव।

संख्या:23/2018/603(1)/35-1-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
4- कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
5- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
6- समिति के समस्त सदस्यगण।
7- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8- समस्त विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन ।
9- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
10- निजी सचिव, सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
11- निदेशक, जनशक्ति नियोजन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0।
12- समस्त प्रभागाध्यक्ष, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0।
13- समस्त अधिकारी, नियोजन विभाग/राज्य योजना आयोग/नियोजन विभाग एवं राज्य योजना आयोग के समस्त अनुभाग/भूमि उपयोग परिषद।

आज्ञा से,

(आर0एन0एस0 यादव)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in